लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ-226007 (उ.प्र.) भारत

University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

A++ by NAAC

परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

Ref.No. 472

Date : 19.11.2025

**सेवा में,**

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सहयुक्त महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**विषयः विषम** सेमेस्टर 2025 की प्रयोगात्मक/मौखिक/इर्न्टनशिप की परीक्षाओं के अंक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर 2025 की स्नातक/परास्नातक आदि पाठ्यक्रमों (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) की प्रयोगात्मक/मौखिक/इर्न्टनशिप परीक्षाओं के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 30.11.2025 तक अनिवार्य रूप से निम्नवत् व्यवस्था के साथ अपलोड किये जाने है।

1. सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा परीक्षक की उपस्थिति में ही अपने लॉगिन पर अंक अपलोड किये जायेंगे।
2. प्रयोगात्मक/मौखिक/इर्न्टनशिप की परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षकों के मो0 नं0 पर भेजे गये ओ0टी0पी0 के उपरान्त ही महाविद्यालय लॉगिन पर अंक लॉक होगे।
3. जिन महाविद्यालयों में 10 से कम छात्र है वह अपनी प्रयोगात्मक/मौखिक/इर्न्टनशिप की परीक्षा अपने नोडल केन्द्र पर सम्पर्क कर निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से सम्पादित करा लें।
4. महाविद्यालय के लॉगिन पर विश्वविद्यालय द्वारा 3 परीक्षकों के नाम उपलब्ध कराये जायेगें। परीक्षकों के पास क्रमशः संदेश प्रेषित किये जायेंगे जिस पर परीक्षक को 48 घंटे के अन्दर अपनी सहमति/असहमति प्रदान करनी होगी। 48 घंटें तक प्रथम परीक्षक के द्वारा सहमति न प्रदान करने पर उनकी स्वतः असहमति मानकर दूसरे परीक्षक को सूचित किया जायेगा। परीक्षक द्वारा सहमति प्राप्त होने पर महाविद्यालय द्वारा शीघ्रातिशीघ्र प्रायोगिक परीक्षा संपादित की जायेगी। किसी भी परीक्षक द्वारा सहमति न प्राप्त होने पर परीक्षा नियंत्रक को सूचित कर नवीन परीक्षक की मांगकर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी।
5. मौखिकी एवं प्रयोगात्मक परीक्षा की समस्त परीक्षाओं का एक सूक्ष्म विडियों (लगभग 30 सेकेंड का जिसमें समस्त विद्यार्थियों एवं परीक्षक मौजूद हो) एवं चार फोटो विश्वविद्यालय लॉगिन पर अपलोड करने के उपरान्त परीक्षा तिथि को ही अंक अपलोड किये जायेगें। तत्पश्चात उसके प्रिन्टआउट पर दोनों परीक्षकों (आंतरिक एंव वाह्य) के हस्ताक्षर कराकर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध कराया जायेगा।
6. महाविद्यालय द्वारा आंतरिक परीक्षकों का विवरण सम्बन्धित पोर्टल पर वांछित सूचनाओं सहित अपलोड किया जायेगा। जिन महाविद्यालयों में आंतरिक परीक्षक उपलब्ध नही है, उन्हें पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये वाह्य परीक्षकों में से दो परीक्षकों से सहमति प्राप्त कर परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी।

क्रमशः पेज दो पर

7. उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के शासनादेश के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी शिक्षण संस्थान (विश्वविद्यालय कैम्पस एवं महाविद्यालय) अपने संस्थान के यूट्यूब चैनल सृजित कर उस पर प्रायोगिक परीक्षाओं की लाइव स्ट्रीमिंग/अपलोड करेंगे, जो संस्थान के चैनल पर उपलब्ध रहेगी। सभी संस्थान निःशुल्क अपना यूट्यूब चैनल बनायेंगे, जिस पर अन्य विविध गतिविधियों को भी अपलोड कर सकते है। प्रत्येक महाविद्यालय अपने यूट्यूब चैनल का लिंक पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय को सूचित करेंगे।
8. समस्त छात्रों के प्रयोगात्मक/मौखिक/इर्न्टनशिप के अंक ऑनलाइन ही विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार किये जायेंगे।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त परीक्षाओं के प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षाएं अनिवार्य रूप से सम्पन्न कराकर निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन अपलोड़ करते हुए दिनांक 30.11.2025 तक परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे परीक्षाफल समयानुसार घोषित किये जा सकें।

**भवदीय,**

19.11.2025

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**

**पृष्ठाकन संख्या व दिनांकः** उपरोक्त।

**प्रतिलिपि**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षक, (मूल्यांकन एवं परीक्षाफल)।
4. उप कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
5. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

19.11.2025

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**